Regarding need to develop `Acupressure Shodh Prashikshan Evam Upchar Sansthan` in Prayagraj, Uttar Pradesh as a Centre of Excellence-Laid

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** फूलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान की स्थापना से क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं और वैकल्पिक चिकित्सा विकल्प प्रदान किए जा सकते हैं ।इस हेतु एक्यूप्रेशर के क्षेत्र में शोध और प्रशिक्षण को बढ़ावा देना की आवश्यकता है । क्षेत्र के लोगों को समग्र स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण के लिए एक्यूप्रेशर की सेवाएं प्रदान करना बहुत जरूरी है । इससे प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकते हैं ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि फूलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र के रुप में विकसित किया जाय जिससे यह शोध प्रशिक्षण संस्थान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर सके बल्कि समाज में स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर सके ।